भारत सरकार
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय
स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्याः86
22 नवम्बर, 2011 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

देश में स्वास्थ्य देखभाल की उच्च लागत

86. **श्री बलविंदर सिंह भुंडरः**

क्या **स्वास्थ्य और कल्याण** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या विश्व–स्वास्थ्य संगठन की एक रिपोर्ट के अनुसार दवाओं और स्वास्थ्य देखभाल सेवा पर होने वाले अत्यधिक खर्च ने कई भारतीय परिवारों को गरीबी रेखा के नीचे ला खड़ा कर दिया है ;
(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है और इस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ;
(ग) इस प्रवृत्ति को रोकने के लिए सरकार द्वारा क्या प्रयास किए जा रहे हैं ?

उत्तर

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री (श्री गुलाम नबी आजाद)

(क) विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा ऐसी कोई रिपोर्ट नहीं दी गई है/अध्ययन नहीं कराया गया है जिसमें यह बतलाया गया हो कि दवाओं और स्वास्थ्य परिचर्या पर अत्यधिक खर्च करने से बहुत से भारतीय गरीबी रेखा से नीचे जा रहे हैं।

(ख) और (ग) ये प्रश्न नहीं उठते ।

....